# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
## (हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/2025-हिं.अ. दिनांक: 23.09.2025

**पृष्ठांकन**

**विषय : हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्रियों की ओर से जारी संदेश।**

उपर्युक्त विषय पर भारत सरकार, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011 के दिनांक 22.09.2025 के ई-मेल द्वारा प्रेषित माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री महोदय एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्रियों द्वारा हिंदी दिवस पर जारी संदेशों की प्रति संस्थान के सभी विभागों/अनुभागों/केन्द्रों को सूचना/आवश्यक कार्रवाई हेतु, एतद्द्वारा, पृष्ठांकित की जाती है।

संलग्नक: यथोपरि।

(पदम सिंह)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (का.)

**वितरण:**

1. सभी केन्द्र-प्रमुखगण।
2. सभी विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण।
3. निदेशक/संकायाध्यक्षा/चिकित्सा अधीक्षक महोदया के प्रधान निजी सचिव।
4. अपर निदेशक(प्रशासन) महोदय के प्रधान निजी सचिव।
5. वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया के निजी सचिव।
6. उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
7. मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
8. उप-निदेशक (रा.भा.), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011.
9. प्रभारी-संकाय (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।

जगत प्रकाश नड्डा
JAGAT PRAKASH NADDA

मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
व रसायन एवं उर्वरक
भारत सरकार
Minister
Health & Family Welfare
and Chemicals & Fertilizers
Government of India

सत्यमेव जयते



## संदेश

भाषायी विविधता भारतवर्ष की अनमोल धरोहर और पहचान है। हमारी अनेक भाषाएँ और बोलियाँ न केवल अपने अद्वितीय सौन्दर्य के लिए जानी जाती हैं, बल्कि उनके साथ जुड़ा हुआ गहरा सांस्कृतिक और पारंपरिक इतिहास भी हमारे राष्ट्र को समृद्ध बनाता है। हिंदी ने इस विविधता को एक सूत्र में पिरोकर, भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रत्येक अवसर पर विश्व को नए विचार, नई संकल्पनाएँ और अभिनव दृष्टिकोण प्रदान किए हैं। उन्होंने अपने विज़न को प्रस्तुत करने के लिए संवाद का माध्यम हिंदी चुनकर हमें गौरवान्वित किया है । इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाकर भाषा के उत्थान में अपना योगदान सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का कार्य समाज के सरोकारों और उत्तरदायित्वों से जुड़ा हुआ है। हिंदी के माध्यम से हम अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सकते हैं, उन्हें बेहतर सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं और सुशासन में जनभागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

मुझे विश्वास है कि हम सब भारतवासी अपनी प्रादेशिक भाषाओं को उचित सम्मान देते हुए, उनके शब्दों को अपनाते हुये, हिंदी को एक संपर्क भाषा के रूप में प्रयोग करेंगे और राष्ट्र की एकता एवं सामूहिक शक्ति को और सुदृढ़ बनाएंगे ।

(जगत प्रकाश नड्डा)

कार्यालयः 348, ए–स्कंध, निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011 • Office: 348, A-Wing, Nirman Bhawan, New Delhi-110011
Tele.: (O): +91-11-23061661, 23063513 • Telefax: 23062358 • E-mail: min-hfm@gov.in

अनुप्रिया पटेल
**ANUPRIYA PATEL**

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
व रसायन एवं उर्वरक
भारत सरकार

MINISTER OF STATE
HEALTH & FAMILY WELFARE
AND CHEMICALS & FERTILISERS
GOVERNMENT OF INDIA

## संदेश



आज 14 सितंबर का दिन हम सब भारतवासी हिंदी दिवस के रूप में मना रहे हैं। हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। आज लगभग 60 करोड़ लोग हिंदी बोलते हैं। यह हमारी राजभाषा है और हमारे संविधान ने इसे विशेष स्थान दिया है लेकिन हमारी युवा पीढ़ी कभी-कभी अंग्रेज़ी बोलने को आधुनिकता समझ लेती है और हिंदी को केवल घर या अनौपचारिक माहौल तक सीमित कर देती है। इस दिशा में काम करने के लिए तकनीकी ज्ञान-विज्ञान को अपनी भाषा में उपलब्ध कराया जाना जरूरी है और हमारा देश आज इस दिशा में पूरी तत्परता से अग्रसर है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि हम विज्ञान और तकनीक के विषयों में पूरे विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता रखते हैं और इस क्षेत्र में अपनी भाषा के माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी को शिक्षित-प्रशिक्षित करना हमारी विशिष्ट उपलब्धि होगी।

हिंदी दिवस के इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा इसके विविध कार्यालयों के सभी सदस्यों से मेरा भी यही आग्रह है कि वे हिंदी को अपने कामकाज की भाषा बनाएं। इससे आपके अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी में काम करने की प्रेरणा मिलेगी तथा आगे चलकर यह बात मंत्रालय के लिए हितकारी होगी।

आप सभी को हिंदी दिवस की पुन: बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

जय हिंद!

(अनुप्रिया पटेल)

**सितम्बर 14, 2025**
**नई दिल्ली।**

कमरा सं. 650, छठा तल, 'ए' विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011, फोन : +91-11-23061998, 23062427
Room No. 650, 6th Floor, 'A' Wing, Nirman Bhawan, New Delhi-110011, Tele : +91-11-23061998, 23062427
E-mail: mosap-mohfw@gov.in

प्रतापराव जाधव
PRATAPRAO JADHAV

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
आयुष मंत्रालय
व
राज्य मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

MINISTER OF STATE
(INDEPENDENT CHARGE) OF
MINISTRY OF AYUSH AND
MINISTER OF STATE OF
MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE
GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत काल



**<u>संदेश</u>**

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई।

हम सभी जानते हैं कि हिंदी हमारे देश के जन-मानस की भाषा है, हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण भाग है। सौहार्द और भ्रातृत्व की भावना को प्रबल बनाए रखने में हिंदी ने सदैव विशेष भूमिका निभाई है।

हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हिंदी में अपने विचार व्यक्त कर राजभाषा हिंदी का गौरव बढ़ाने का काम किया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और व्यापक उपयोग के लिए अनेक कदम उठायें हैं।

इसी क्रम में हमारा भी यह परम दायित्व बनता है कि हम अपने राष्ट्र की अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के शब्दों को समाहित करते हुए हिंदी का उपयोग करें। हम सभी देशवासियों द्वारा स्वीकार्य सरल और सुस्पष्ट शब्दों का उपयोग करते हुए हिंदी की प्रगति में अपना संपूर्ण योगदान दें।

स्वास्थ्य मंत्रालय राजभाषा हिंदी के प्रयोग में किसी भी स्तर पर पीछे नहीं है। राजभाषा नियमों और आदेशों का पूर्ण रूप से पालन करना हमारा संवैधानिक दायित्व भी है और हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है। पिछले कुछ समय से हमने राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए बहुत उत्साह के साथ कार्य किया है और उसके सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हुए हैं।

इस उपलब्धि को बनाए रखते हुए हम सभी अपना शासकीय कार्य अधिक से अधिक सरल और आम बोल-चाल की हिंदी में करें, यही हमारा प्रण होना चाहिए।

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक मंगलकामनाएं।

हिंदी का ज्ञान
हम सबका आत्मसम्मान......

जय हिंद!

दिनांक : 14 सितंबर, 2025

**(प्रतापराव जाधव)**

**Office :** 250, 'A' Wing, Nirman Bhavan, New Delhi-110011
Tele. : 011-23061016, 23061551, Telefax : 011-23062828, E-mail : mos-health@gov.in
**Residence :** 23, Ashoka Road, New Delhi-110001, Tele. : 011-23740412, 23740413, 23345478
**Camp office :** Khasdar Jansampark Karyalay, Jijamata Krida Sankul, Buldhana, Maharashtra-443001
Telefax : 07262-247777, E-mail : prataprao.jadhav@sansad.nic.in